हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025

06 गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस तो साड़ी की झोली...



07 तिरंगा यात्रा निकालने मार्ग और सजावट के साथ ...





**खबर संक्षेप**

## 30 अगस्त तक बढ़ाई गई फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण फसल नुकसान या उपज में कमी होने पर फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

## किसानों के बीमा खातों में राशि हस्तांतरित

**सीहोर।** राज्य सरकार हमेशा किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सोमवार को मध्यप्रदेश के 14 लाख 28 हजार 67 किसानों के 54 लाख 23 हजार 287 बीमा खातों में लगभग 1383 करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि हस्तांतरित की गई है। किसानों के बीमा खातों में डाली गई यह राशि लगभग 3 वर्षों के अलग-अलग फसल बीमा की है। इसमें वित्त वर्ष 2023-24 के रबी फसल की बीमा राशि वर्ष 2024 की खरीफ फसल की बीमा राशि और वित्त वर्ष 2024-25 की रबी सीजन की विभिन्न फसलों की बीमा राशि किसानों के खातों में डाली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह देश के अन्नदाता किसानों के प्रति संवेदनशीलता ही है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष तक की फसल बीमा राशि पात्र किसानों को दे दी गई है। किसानों को गत तीन साल की फसल बीमा राशि की एकमुश्त सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का हृदय से आभार व्यक्त किया है। फसल बीमा की यह राशि का ऐसे समय में आना एक तरह से किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद मददगार है। किसानों को मिली बिमा राशि से कफी राहत मिलेगी।

**फोकटपुर को विकास कार्यों का इंतजार:** बुनियादी सुविधाओं से वंचित वार्डवासी, 65-70 घरों में नल कनेक्शन नहीं

# वार्ड के रहवासियों ने साफ-सफाई में पक्षपात का लगाया आरोप, पार्षद कौन?, नहीं जानते



**फैक्ट फाइल**

**3500** आबादी

**2041** मतदाता (2022 के अनुसार)

**600** मकानों की संख्या

**प्रमुख क्षेत्र :** इंग्लिशपुरा, फोकटपुरा, सिंधी कॉलोनी शामिल है।

**वार्ड क्रमांक 06 की कहानी लोगों की जुबानी**

### फोकटपुरा के नागरिकों को गर्मी में बोरवेल सूखने से पानी के लिए होना पड़ता है परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि वार्ड स्कैन की सीरिज में शहर के वार्ड क्रमांक 6 में पड़ताल की। वार्डवासियों से पार्षद के तीन वर्षीय कार्यकाल में वार्ड में किए गए विकास कार्य और होने वाली परेशानियों की जानकारी ली। इस दौरान वार्ड क्रमांक 6 स्थित फोकटपुरा के नागरिकों ने बताया कि इस मोहल्ले में करीब 65-70 घरों में आज तक नल कनेक्शन ही नहीं है। बारिश और सर्दी के दिनों में तो जैसे तैसे बोरखनन से काम चल जाता है, लेकिन गर्मी के दिनों में बोरखनन सूखने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नागरिकों ने वार्ड में साफ सफाई में भी भेदभाव का आरोप लगाया। साल 2022 में हुए निकाय चुनाव में वार्ड 6 से भाजपा प्रत्याशी विद्या प्रदीप बिजोरिया ने कांग्रेस की शशि नवीन सोलंकी को 104 मतों से हराकर जीत हासिल की थी। विद्या बिजोरिया को 662 वोट मिले थे, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी को 558 वोट प्राप्त हुए थे। यह जीत भले ही निर्णायक रही हो, लेकिन वार्ड 6 के कई इलाकों में अभी भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे स्थानीय निवासियों में असंतोष पनप रहा है।

हरिभूमि वार्ड -स्कैन



### क्या बोले वार्ड नंबर 06 के रहवासी?

**नल कनेक्शन नहीं है**



वार्ड 06 का फोकटपुरा क्षेत्र बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है। लेकिन विडम्बना यह है कि इस मोहल्ले के करीब 65-70 घरों में नल कनेक्शन नहीं है। चुनावी समय में नल कनेक्शन का वादा किया था, लेकिन चुनाव होते ही सब भूल गए।

**खलील खां,** वार्डवासी

**चार माह होती है मुश्किल**



नल कनेक्शन नहीं होने से बहुत परेशानी आती है। बारिश और सर्दी के 8 महीने तो बोरखनन के जरिए निकल जाते हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में यह बोरखनन सूख जाते हैं, ऐसे में गर्मी के चार महीने बड़ी मुश्किल भरे निकलते हैं।

**फेमिदा खां,** वार्डवासी

**नहीं आती कचरा गाड़ी**



मोहल्ले की गलियों में कचरा गाड़ी नहीं आती, जिसकी वजह से यहां-वहां कचरा फेंकना मजबूरी है। हम नहीं चाहते ही हमारा गंदा रहे, लेकिन जब वार्ड में कचरा गाड़ी ही नहीं आती तो क्या करे। साफ सफाई भी नियमित नहीं होती।

**नवाब भाई,** वार्डवासी

**लगे है कचरे के ढेर**



वार्ड में प्रतिदिन साफ सफाई नहीं होती। गलियों में दिन भर यहां वहां कचरे के ढेर लगे रहते हैं। वार्ड में कचरा गाड़ी नहीं आती। नल कनेक्शन भी नहीं है, जिसकी वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**साहिदा बेगम,** वार्डवासी

**हो रहा भेदभाव**



साफ सफाई के मामले में वार्ड में भेदभाव होता है। हमारे घर के पास ही नगर पालिका के अधिकारी रहते हैं, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी उनके घर तक तो साफ सफाई होती है, लेकिन पूरे मोहल्ले में नहीं।

**अशोक शर्मा,** वार्डवासी

**पार्षद कौन है, पता नहीं**



वार्ड छह में पार्षद कौन है, पता नहीं। वार्ड में इंग्लिशपुरा नाला पड़ता है। नाले का कायाकल्प होना चाहिए। दुख होता है, लोग इसी में पूजन सामग्री डालते हैं। यह महत्वपूर्ण नाला है, इसकी वजह से जलस्त्रोत रिचार्ज रहते हैं,।

**प्रदीप शर्मा,** वार्डवासी

**नहीं हुआ निर्माण**



वार्ड में काम हो रहे हैं, लेकिन मेरे घर के पीछे ही यह बड़ी नाली है। घर के पीछे का दरवाजा खोलते ही नाली पड़ती है, इसमें घर के बच्चे कई बार गिर चुके हैं। इस नाली का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन लंबे समय से बंद पड़ा है।

**कैलाश कुशवाह,** वार्डवासी

**पार्षद कौन है, पता नहीं**



वार्ड पार्षद द्वारा बहुत अच्छा काम कराया जा रहा है, कोई शिकायत नहीं है। पार्षद से जब भी किसी समस्या से अवगत कराया, उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उस समस्या का निराकरण किया है। पार्षद कई कार्य वार्ड में करा रहे है।

**इंद्रकुमार बाहेती,** सिंधी कालोनी

**वार्ड में हैं समस्याएं**



वार्ड में पेयजल की भारी समस्या है. फोकटपुरा क्षेत्र में आज तक पाइप लाइन नहीं है. जबकि यह समस्या हमारी प्रमुख प्राथमिकता में थी. वार्ड मं सडकों की हालत भी जर्जर है. वार्ड पार्षद को इन सभी समस्याओं पर प्राथकिता के आधार पर ध्यान देना चाहिए।

**नवीन सोलंकी,** प्रतिद्वंदी (प्रतिनिधि)




**हरिभूमि की अपील**

पिछले अन्य दो वार्डों की भांति वार्ड क्रमांक 06 में भी हरिभूमि वार्ड स्कैन किया गया। समस्या और अच्छाई दोनों को देखने का प्रयास किया गया, जैसा वार्डवासियों ने बताया वैसा ही प्रकाशित किया गया है। फिर भी हरिभूमि वार्डवासियों से अपील करता है कि यदि हमसे समस्याएं छूट गई हो या वार्ड में अन्य विशेष समस्याएं हो तो वाट्सअप नं. 9755123812 पर फोटो वीडियो भेजे, ताकि समस्याओं को लेकर भी वार्ड की दूसरी खबर प्रकाशित की जा सके।


**बिछेगी पाइप लाइन**



यह सही इंग्लिशपुरा के फोकटपुरा क्षेत्र में पाइप लाइन नहीं है. अमृत योजना का फेस-2 काम जारी है, इसमें इस क्षेत्र में जल्द ही पाइप लाइन बिछ जाएगी। इसके अलावा वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जा रहे हैं। साफ सफाई व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**प्रदीप बिजौरिया,** पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 6

## आज राठौर क्षत्रिय समाज के द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती



**सीहोर।** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। चल समारोह राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज से सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर समाज के सभी बंधुओं ने सपरिवार उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10.30 बजे राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर धर्मशालाए गंज ध्वजारोहण और ध्वजवंदना के साथ होगी। इसके बाद एक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। चल समारोह का समापन दोपहर 3 बजे श्री रामजानकी मंदिर गंज में होग, जहां आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, महामंत्री डॉ. पूरन सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर और जयंती अध्यक्ष राहुल राठौर आदि ने सर्व समाज से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## निकाली तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर के द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता हेतु तिरंगा रैली का आयोजन किया रैली को विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय एवं गणितज्ञ डॉ राजेंद्र देशमुख ने हरी झंडी दिखाकर आरंभ कियाऔर रैली में सहभागिता की तिरंगा रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा अटल चौराहा कोतवाली चौराहा मुख्य शहर से होते हुए शासकीय प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय सीहोर पहुंची तिरंगा रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे विद्यार्थियों के साथ-साथ शैक्षणिक स्टाफ से उत्कृष्ट शिक्षकगण जितेंद्र परमार धनेश कोरचे डॉ देवेंद्र साहू कुमेर सिंह मालवीय राजकुमार मेवाड़ा रामवृक्ष भारद्वाज संगीता भार्गव मंजू मालवीय लीला भिलाला रुतुजा मैडम बबली मालवीय भी रैली के साथ-साथ चल रहे थे।

महाविद्यालय के पास पहुंचकर उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला के जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया सभी हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीहोर विधायक माननीय सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष माननीय प्रिंस राठौर जिलाधीश महोदय जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**सीहोर पुलिस को कंडम एफआरबी वाहनों से चलाना होगा काम, मिलेंगी सिर्फ 5 हाईटेक गाड़ियां**

# पुलिस की इमरजेंसी सेवा 15 अगस्त से डायल 100 की जगह होगी डायल 112

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

15 अगस्त से मध्यप्रदेश सहित जिले में भी पुलिस की इमरजेंसी एफआरसी सेवा में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 15 अगस्त से डॉयल 100 के नाम से पहचान रखने वाली यह सेवा डॉयल 112 के नाम से जानी जाएगी। हालांकि जिले में इस सेवा का नाम ही बदला जा रहा है, गाडियां नहीं। इस बदलाव के अंतर्गत जिले को महज 5 हाईटेक गाडियां मिलेंगी, जबकि पुलिस को शेष पुरानी 20 गाड़ियों से ही काम चलाना होगा। इस तरह जिले में कुल एफआरबी की संख्या बढक़र 25 हो जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश भर में डॉयल 100 सेवा में बदलाव किया जा रहा है। 15 अगस्त से यह सेवा डॉयल 112 के रूप में जानी जाएगी। जिले में भी इस सेवा में विस्तार भी हो रहा है। सुविधाओं से लैस पांच अतिरिक्त वाहन मिलने जा रहे हैं। इन वाहनों में वायरलेस सिस्टम, बीकन लाइट, मोबाइल डेटा टर्मिनल, डैशबोर्ड कैमरा, बॉडी वॉर्न कैमरा, टूल किट और स्ट्रेचर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### रिस्पॉन्स टाइम में होगा सुधार


डायल 112 सेवा का सबसे बड़ा फायदा रिस्पॉन्स टाइम में होने वाला सुधार है। शहरी क्षेत्र अंचल में यह सेवा कम समय में निर्धारित पाइंटों पर पहुंच जाएगी। शहरी क्षेत्र में रिस्पांस समय 20-25 मिनट से घटकर 15-20 हो जाएगा, जबकि अंचल में भी 30 मिनट से घटकर 20-25 मिनट हो जाएगा। इससे आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता मिल सकेगी। शहरी क्षेत्रों में स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो नियो प्लस जैसी गाडिय़ां चलाई जाएंगी, जो गांव के दुर्गम रास्तों से निकलकर आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सकेंगी।

### पांच नई गाड़ियां मिलेंगी

एफआरबी प्रभारी सुनील जायसवाल ने बताया कि डॉयल 112 के रूप में जिले में पांच नए वाहन मिलेंगे। यह वाहन कोतवाली थाने के लिए दो, पार्वती के लिए एक, आष्टा के लिए एक और भैरुदा में एक शामिल रहेंगे। इस तरह जिले में एफआरबी की संख्या बढक़र 25 हो जाएगी। मालूम हो कि सीहोर पुलिस के पास जिले भर के लिए 20 एफआरबी वाहन है। जिले भर में लगातार सेवाएं देने के चलते यह वाहन कंडम हालत में पहुंच गए हैं। आए दिन इन वाहनों को किसी न किसी गैरेज पर खड़े होकर सुधरते देखा जा सकता है। बावजूद जिले में इन गाडिय़ों को बदला नहीं जा रहा है। हालांकि अच्छी बात यह है कि 5 अतिरिक्त गाडिय़ां दी जा रही है, जिससे इनकी संख्या 25 हो जाएगी।

### जिले में डायल 100 के पाइंट

- एसएचआर-1 : अहमदपुर - चरनाल जोड़
- एसएचआर-2 : पार्वती - चौपाटी
- एसएचआर-3 : आष्टा - भोपाल नाका
- एसएचआर-4 : दोराहा - कस्बा मेन रोड
- एसएचआर-5 : श्यामपुर - श्यामपुर
- एसएचआर-6 : इछावर - दिवडिय़ा जोड़
- एसएचआर-7 : बिलकिसगंज : बिलकिसगंज जोड़
- एसएचआर-8 : जावर : जावर जोड़
- एसएचआर-9 : नसरुल्लागंज : छिंदगांव मौजी
- एसएचआर-10 : गोपालपुर : इटारसी जोड़
- एसएचआर-11 : रेहटी : माली बायां
- एसएचआर-12 बुदनी : रेहटी तिराहा
- एसएचआर-13 : शाहगंज : शाहगंज चौराहा
- एसएचआर- 14 : शाहगंज : बक्तरा बाजार
- एसएचआर-15 : सिद्दीकगंज : खाचरोद
- एसएचआर-16 : मण्डी : रेस्ट हाउस तिराहा
- एसएचआर-17 : कोतवाली : हाउसिंग बोर्ड
- एसएचआर-18 : कोतवाली : तहसील चौराहा
- एसएचआर-19 : मण्डी : सोया चौपाल
- एसएचआर-20 : बुदनी : मिडघाट



## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ के मुकेश नागर प्रदेश मंत्री नियुक्त



इछावर। अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम जी नागर व अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के संगठन महामंत्री समन्दर जी पटेल व अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जी नब्देड़ा व अ. भा. श्री धाकड़ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश जी मल्हार व शीर्ष नेतृत्व की सहमति एवं राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर अनुशंसा से अखिल भारतीय धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश द्वारा गांव बिशनखेड़ी के मुकेश नागर को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया नागर ने कहा कि धाकड़ महासभा युवा संघ के इस कार्यकाल में समाज हित में अपना योगदान दूंगा बधाईकर्ता गब्बर पटेल सीहोर,विनोद नागर,डॉ बिष्णु नागर, दिनेश नागर, रामसिंह नागर, मोहन नागर, निखिल नागर, राजकुमार नागर, गजेंद्र नागर, मुरलीधर नागर, रामस्वरूप नागर, जसरथ नागर, ब्रजेश नागर, राकेश नागर, ह्रदेश नागर, राजेंद्र , महेंद्र नागर, महेश नागर बधाई दी

### प्रसूता का आरोप, अस्पताल से छुट्टी के बाद घर तक लाने एंबुलेंस कर्मचारी ने मांगे 500 रुपए

# गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस तो साड़ी की झोली बनाकर प्रसूता को टांगकर दो किमी लाए अस्पताल

### विकास की राह से कोसों दूर अरनिया पठार गांव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

आजादी के 79 साल बाद भी कुछ गांव विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। आष्टा ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोविंदपुरा के अंतर्गत आने वाला अरनिया पठार ऐसा ही एक गांव है, जहां के लोगों को सडक़, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ता है। हाल ही में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजनों को साड़ी की झोली बनाकर उसे कंधे पर टांगकर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर मुख्य सडक़ तक ले जाना पड़ा। अरनिया पठार निवासी सरिता पति केदार सिंह को सोमवार रात 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को फोन किया, जो सुबह 4 बजे पीथापुरा रोड पर पहुंची। एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए परिजनों को सरिता को साड़ी की झोली में उठाकर जंगल और खराब रास्तों से गुजरना पड़ा। एंबुलेंस से सरिता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज ले जाया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर या नर्स मौजूद नहीं थी। मजबूरी में उसे आष्टा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

#### मरीज को घर छोड़ने 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने मांगे 500 रुपए

ग्रामीण केदार सिंह ने बताया कि महिला की अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने सरिता को घर छोडऩे के लिए 500 रुपये की मांग की। परिजनों ने बताया कि कर्मचारियों ने कहा कि लाने का पैसा नहीं लगता, लेकिन छोडऩे के पैसे लगते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण पहले भी कई गर्भवती महिलाओं की समय पर इलाज न मिलने से मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय विधायक और प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। हाल ही में घटित इस घटना ने एक बार फिर से पूरे सिस्टम के दावे और हकीकत की पोल खोलकर रख दी है। सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

#### मुझे नहीं है इसकी जानकारी

मुझे इसकी जानकारी नहीं है मैं जल्द ही दिखवाती हूं और जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**नेहा जैन,** जिला पंचायत सीईओ सीहोर

# ओवरटेक करते समय यात्री बस डिवाइडर से टकराई, 13 यात्री घायल

### मौके से बस चालक हुआ फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

इंदौर से बकतरा चलने वाली यात्री बस शिवानी बस सर्विस भैरुंदा के सेमलपानी जोड पर डिवाइडर से टकरा गई। घटना दोपहर 2:30 बजे के लगभग की है। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। हालांकि घटना में कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में मरीजों का इलाज जारी था। मौके से फरार बस चालक के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही पूर्वक बस चलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर से चलकर बकतरा की ओर जा रही यात्री MP. 37 P 1234 क्रमांक बस शिवानी बस सर्विस दोपहर 2:30 बजे के लगभग सेमलपानी जोड़ के समीप अचानक ही डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार यात्रियों के मुताबिक ड्राइवर के द्वारा बस को किसी अन्य वाहन से ओवरटेक किया जा रहा था। लेकिन ड्राइवर संतुलन नहीं रख सका और बस सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस घटना में लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए। यात्री बस के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तो वहीं 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर आया गया। यात्री सालकराम, गोपाल राठौर ने बताया कि बस भरी हुई थी और ड्राइवर के द्वारा इस तेज गति के साथ चलाया जा रहा था। ड्राइवर सामने वाहन के आने पर अपनी गति पर अंकुश नहीं रख सका। जिसके चलते यह हादसा घटित हुआ। और बस चालक मौका देख भाग निकला। पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी।घटना में यह हुए घायलयात्री बस दुर्घटना में बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्री घायल हुए। जिनमे ललिता बाई उम्र 30 साल, राकेश उम्र 35साल, गोपाल उम्र 30 साल, सलाखराम उम्र 70 वर्ष, प्रवीण उम्र 22साल, संतुबाई 32साल, पुरुषोत्तम 10साल, विजय 24 साल, शालू उम्र 25 साल, सविता 12 साल, रोहन उम्र 4साल, काव्याश उम्र 3 साल शामिल है। घायलों में चार छोटे बच्चों, एक बुजुर्ग सहित महिलाएं और पुरुष शामिल हैं।कोई भी गंभीर घायल नहींसीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि यात्री बस दुर्घटना में इलाज के लिए कुल 13 यात्रियों को लाया गया। इसमें से कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है। मरीज को मामूली चोट लगी है जिनका इलाज लगातार चल रहा है। एक महिला के दांतों में चोट लगी है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी जाएगी।भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया इन्दौर नर्मदापुरम जा रही MP. 37P.1234 शिवानी बस का भैरुंदा सेमलपानी जोड़ पर बने डिवाइडर से टकराई थी। घटना में 13 लोगों को चोटे आई है। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं, पुरुष शामिल हैं। घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन पहुंचा और सभी घायलों को 108एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल लाया गया। सभी का उपचार जारी है। मिली जानकारी अनुसार बस चालक ओवर ट्रैक करने के दौरान यह घटना घटी है। वहीं मौके से ड्राइवर फरार है। बस चालक पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती के उपलक्ष्य में राठौर क्षत्रिय समाज ने समाज सेवा की एक अनूठी पहल की। जयंती समारोह के साथ ही समाज द्वारा 11 अगस्त राठौर धर्मशाला में एक नि:शुल्क नेत्र जांच और चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में पवन ऑप्टिकल के देव राठौर ने लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच की और नेत्र संबंधी समस्याओं के समाधान बताए। वहीं डॉ. भविष्य राठौर ने शुगर, ब्लड प्रेशर और बीएमआई जैसी महत्वपूर्ण जांचें कीं और लोगों को स्वास्थ्य परामर्श भी दिया। समाज के कई सदस्यों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इसी दिन समाज के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए सामुहिक अनराव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन सभी सदस्यों को याद किया गया जिनका हाल ही में निधन हुआ है।

# जन सुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 58 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अभियान के तहत बाइक रैली निकाल कर दिया स्वतंत्रता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।एसडीएम दिनेश सिंह तोमर की उपस्थिति में प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर बाइक रैली ट्रैक्टर नगर होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी और महाराणा प्रताप चौराहा से होते हुए दशहरा मैदान पर कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर तहसीलदार ललित सोनी,एसडीओपी रवि शर्मा,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी,जनपद सीईओ दिलीप जैन,नगर परिषद सीएमओ संतोष रघुवंशी,उपनि संदीप जाट,राजेश मालवीय बीआरसी मणिशंकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।

# 300 से अधिक पंचायत सचिव और पंचायत कर्मचारियों ने छह किलोमीटर रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत के तत्वाधान में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद, शपथ और श्रमदान हुआ। इस मौके पर शहर के सीहोर जनपद कार्यालय परिसर में करीब 300 से अधिक पंचायत सचिव, जीआरएस और जनपद पंचायत कर्मचारियों ने एक साथ आस-पास के स्थानों पर स्वच्छता का कार्य किया और कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल ने जारी अभियान के बारे में कहाकि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी है।

इस मौके पर पंचायत सचिव संगठन के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा ने बताया कि मंगलवार को सरकार के हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत में रैली का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर करीब 300 से अधिक पंचायत सचिव, जीआरएस और कर्मचारियों ने रैली निकाली संदेश दिया। वहीं बुधवार को पौधा रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहाकि बीमारियों से बचने के लिए सफाई रखना अति आवश्यक है। यह सभी के सहयोग से ही संभव है, क्योंकि गंदगी ही सभी बीमारियों का मूल कारण है। स्वच्छता हमारे जीवन को सुखमय बनाने के लिए जरूरी है। हर बीमारी से स्वच्छता ही हमें बचाती है। बीमारियों से बचाव के लिए अपने घरों व आसपास के क्षेत्र को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहाकि जनपद सीईओ नमिता बघेल ने इस मौके पर हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन कराए जाने की बात कही।

# बैंक स्थानांतरित करने को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मेहतबाड़ा में संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को करोड़ों रूपये का नुकसान होने की संभावना है। क्षेत्र के दस गावों के बीस हजार से अधिक खाताधारक ग्रामीणों ने अपना एकाउंट बैंक से बंद कराने का अल्टीमेटम बैंक दे दिया है। ग्रामीण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को मेहतवाड़ा गांव से एक किलोमीटर दूर हाईवे पर स्थानांतरित किए जाने का विरोध कर रहे है। मेहतवाड़ा से लगे दस गांवों के खताधारक ग्रामीणों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के को भी मांग पत्र सौप दिया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा मेहतवाड़ा मुख्य बाजार में वर्षो से संचालित हो रहा है बैंक में सभी वर्ग के लोगों सहित सरकारी गैरसरकारी लगभग बीस हजार से अधिक एकाउंट है। दिव्यांगों बुजुर्गो सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन इसी बैंक में आती है। क्षेत्र के हजारों व्यापारी इसी बैंक से लेने देन करते है बैंक भी अच्छी सुविधा उपलब्ध कराता है। लाड़ली बहनों की रकम और छात्र छात्राओ की छात्रवृति एवं पंचायतों के कामकाज भी इसी बैंक से होता है। यह बैंक शाखा गांव में सुरक्षित स्थान पर मौजूद है खाता धारकों को भी कोई परेशानी नहीं है इस के बाद भी बैंक शाखा भवन को हाईवे पर असरुक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है। जबकी हाईवे तक गांव से एक किलोमीटर दूर जाना किसी के लिए भी संभव नहीं है। वहा पर पेट्रोल पम्प तथा विद्युत ट्रांसफर लगा है। फोरलेन रोड़ पर हमेशा खतरा बना रहता है चोरी डकैटी की भी घटना हो सकती है वह बैंक का एटीएम भी सुरक्षित नहीं रहेगा। व्यापारियों के लिए भी खतरा बना रहेगा। लाड़ली बहनों,बुजर्गो दिव्यांगों छात्र छात्राओ के लिए भी बैंक जाना आना मुश्किल होगा। ग्रामीण प्रतिनिधियों के द्वारा कलेक्टर को सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा मेहतवाड़ा के स्थानांतरण के विरोध में जनपद पंचायत वार्ड क्रमांक चार एवं ग्राम पंचायत भानाखेड़ी, ग्राम पंचायत मेहतबाड़ा,ग्राम पंचायत बीलपान, ग्राम पंचायत अतरालिया, ग्राम पंचायत खटसुरा सहित दस से अधिक ग्राम पंचायतों के सहमति पत्र और एक हजार से अधिक खाताधारक ग्रामीणों के हस्स्ताक्षर युक्त पत्र भी सौपे है। ग्रामीणों की मांग है कि सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा मेहतवाड़ा को किसी भी दशा में स्थानांतरित नहीं किया जाए वरना क्षेत्र के बीस हजार से अधिक खाता धारक बैंक से एकाउंट बंद कराने के लिए बाध्य होंगे। जिस का खामियाजा सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया को भुगतना होगा।

### जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाया रक्षाबंधन का पर्व

# महिलाओं ने जिला अध्यक्ष को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल के निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुलाब बई ठाकुर की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती व मतदाता सूची के पुर्ननिरीक्षण के विषय को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सभी को ब्लॉक अध्यक्ष और पधाधिकारी को मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला कांग्रेस कार्यालय न्यू बस स्टैंड सीहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की मुख्य अतिथि में एवं विशेष अतिथि डॉ बलवीर तोमर की गरिमामय उपस्थिति में रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार का आयोजन किया यह आयोजन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस अवसर पर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती व वरिष्ठ जन और काफी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने राखियां बांधी यह आयोजन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने का अवसर है, बल्कि समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उपस्थित सभी महिला कार्यकर्ताओं ने हमारे जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन के अवसर पर सभी ने उनको बधाई दी। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, नईम नवाब प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश राठौर कमल सिंह चौहान सुनील दुबे राजाराम बड़े भाई विवेक राठौर, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर दिलीप मालवी नरेश नरेंद्र खंगराले, गीता राठौर, आरती खंगराले, दीप्ति कीर, वाया देवी, ममता शर्मा, गजी बाई, लाड़ कुंवर, अनीता सरिता बाई, राजूभाई आदि उपस्थित थे।


**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. निपानियाकलां तह. आष्टा जिला सीहोर**

**वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 01.08.2025**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 14.08.2025 दिन गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2023-24 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

**संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित निपानियाकलां, जिला सीहोर**

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. गवाखेडा तह. आष्टा जिला सीहोर**

**वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 11.08.2025**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 25.08.2025 दिन गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2023-24 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

**संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित गवाखेड़ा, जिला सीहोर**

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बेदाखेड़ी तह. आष्टा जिला सीहोर**

**वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 01.08.2025**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 14.08.2025 दिन गुरुवार को दोपहर 11:00 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2023-24 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

**संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित बेदाखेड़ी, जिला सीहोर**

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. कोठरी तह. आष्टा जिला सीहोर**

**वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 01.08.2025**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 14.08.2025 दिन गुरुवार को दोपहर 01:00 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2023-24 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

**संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित कोठरी, जिला सीहोर**

## विधायक यादव ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, तिरंगा यात्रा की तैयारियों की बनाई विस्तृत रूपरेखा

# तिरंगा यात्रा निकालने मार्ग और सजावट के साथ स्वागत के लिए तैयारियां हुईं तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 15 अगस्त को समूचा देश स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक विधानसभा में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जानी है। उक्त यात्रा की तैयारियों एवं विस्तृत रूपरेखा तैयार करने क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने सोमवार दोपहर अपने कार्यालय में राजगढ़, कालीपीठ एवं पिपलोदी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान यात्रा की तारीख, मार्ग, सजावट, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार इत्यादि के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई वहीं कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव दिए। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस बार की तिरंगा यात्रा अन्य वर्षों से कहीं ज्यादा भव्य और एतिहासिक रूप से निकाली जाएगी।

### विधायक ने पीएमश्री स्कूल में किया निःशुल्क साइकिल वितरण

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया जरगर में सोमवार को पात्र विद्यार्थियों को शासन की तरफ से निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन करवाया गया। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण का मुख्य उद्धेष्य स्कूल से दूर पढ़ने वाले बच्चों को सहजता के साथ स्कूल तक पहुंचाना है। कार्यक्रम उपरान्त एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल परिसर में विभिन्न किस्मों के पौधे भी रौपे गए। विधायक श्री यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि रौपे गए पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल अवश्य करें।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा रैली एवं सफाई अभियान



**नरसिंहगढ़** । नगर पालिका परिषद द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के साथ-साथ नगर की प्रमुख सड़कों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।रैली के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। साथ ही सफाई कर्मियों ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम, दोनों ही समाज के लिए आवश्यक हैं। तिरंगा अभियान हमें एकता और गौरव का संदेश देता है, वहीं स्वच्छता अभियान स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी शिवराज सिंह, रिंकू जाट, छत्रवर्धन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

### नपा ने चलाया तिरंगा यात्रा का पैलेस स्वच्छता हुआ सिंगल प्लास्टिक शहर मुक्त अभियान



**कुरावर**। नगर में नगरी प्रशासन का निर्देश अनुसार सोमवार को शाम 5 बजे के करीब नगर के बस स्टैंड पर विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, थाना प्रभारी संगीता शर्मा सिंगल उसे प्लास्टिक शहर मुक्त अभियान एवं तिरंगा यात्रा के पहले स्वच्छता अभियान में नगर के बस स्टैंड पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की एवं नगर में प्लास्टिक थैली की जगह कपड़ों के ठेले उपयोग करने की नगर वासियों से अपील की इस मौके पर प्रतिनिधि दिलीप बना, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, मुरारी मीणा, रवि पाल, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, रघुवीर सिंह राजपूत, , नीरज राठौर, आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने का लिया संकल्प, निकाली रैली

### पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व आमजन हुए शामिल



**राजगढ़**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को मुख्यालय स्थित मंगल परिसर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा बिरसा मुंडा चैराहा, मेन मार्केट, सब्जी बाजार होते हुए जेल रोड चैराहे पर पहुंची। यात्रा का मुख्य उद्धेश्य सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर आमजनों को प्रेरित करना था। इस संबंध में विद्यार्थियों ने प्लास्टि मुक्त जिले संबंधी नारे भी लगाए। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों ने स्वयं सड़क पर फैले सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश पहुंच सके। इस अवसर पर नागरिकों से आव्हान किया गया कि जिस तरह देश ने अग्रेंजो से आजादी पाई, वैसे ही इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक से भी स्वतंत्रता प्राप्त करें। यह प्रयास न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सार्थक कदम होगा बल्कि आने वाली पीढियों भी बेहतर पर्यावरण में जी सकेंगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज, नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लाख प्रयास हो गए नाकाम

## कार चालक ने कई गायों को रौंदा गोसेवकों ने कर दिया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में यहां-वहां विचरण करते लावारिस गौवंश की सुरक्षा हेतु प्रशासन द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। दूर-दराज आंतरिक मार्गों की बात तो दूर मुख्यालय पर ही अनेकों गायें सहित अन्य मवेशी मेन सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। रविवार-सोमवार की रात्रि हुए इसी तरह की घटनाक्रम में एक स्विफ्ट कार चालक ने पहले करेड़ी में कुछ गायों को कुचला एवं उसके बाद करेड़ी राजगढ़ के बीच भी गायों में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में 2 गायों के मरने की सूचना है वहीं कुछ गायें व अन्य मवेशी घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही राजगढ़ नगर के सेवाभावी युवक रात्रि को ही मौके पर पहुंचे और संबंधित कार की पहचान की। उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने में अनेकों गायें सड़क हादसे में अपनी जान गवां चुकी हैं।

### खिलचीपुर नाके पर किया चक्काजाम

गौवंश के साथ हुई उक्त घटना से आक्रोषित गौ-सेवकों ने रात्रि में ही स्थानीय खिलचीपुर नाका चैराहे पर काफी समय तक नारेबाजी करते हुए चक्काजाम किया। गौसेवकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा इनकी सुरक्षा हेतु ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं और इसी वजह से निरीह गायें हादसों में अपनी जान गवां रही हैं। गौसेवकों ने सोमवार दोपहर पशु चिकित्सा विभाग के उप-संचालक महिपाल सिंह कुशवाह से मुलाकात कर गौवंश के ठोर-ठिकाने हेतु स्थाई इंतेजाम सहित घायल मवेशियों को समय पर उचित उपचार दिए जाने के संबंध में मुलाकात भी की। जिले भर में आए दिन हाइवे पर गौवंश दुर्घटना के शिकार होने की घटनाए होती रहती हैं। गौसेवकों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराने के लिए प्रर्दशन व धरने का सहारा लिया गया परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते आए दिन गौवंश दुर्घटना का शिकार हो रही है और सब मूक दर्शक बने हुए है। बिना ठोस कार्रवाई के गौवंश को दुर्घटनाओं से बचाना नमुमकिन ही है। अभी हाल ही में पचोर व सारंगपुर हाइवे पर एक दर्जन गायों को अज्ञात वाहनों द्वारा रोंदा गया था जिसको लेकर युवाओं ने प्रशासन का अलर्ट भी किया था।

### निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सुठालिया**। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की और से मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सक्सेना पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अमृतलाल भिलाला पंचायत सदस्य हरिशंकर दौलतराम यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण सिंह लोधी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष ने छात्रों से कोई समस्या हो तो छात्रों ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया।

## कुरीतियों पर रोक के लिए धाकड़ समाज की जिला बैठक, समाज सुधार का संकल्प



**सारंगपुर**। धाकड़ समाज की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को उदनखेड़ी धर्मशाला में आयोजित हुई, जिसमें राजगढ़ जिले भर से समाज के पदाधिकारी और बंधु शामिल हुए। बैठक में आगामी श्री धरणीधर जयंती चल समारोह की तैयारियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने और समाज कल्याण व विकास के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया।

निर्णय लिया गया कि शादी-विवाह में डीजे जैसी पाश्चात्य परंपराओं पर रोक, मृत्यु भोज को सीमित करना और साल में अधिकतम 2-3 बड़े सम्मेलन आयोजित करना समाज के हित में रहेगा। वरिष्ठ समाजसेवी गुलाब सिंह सुस्तानी ने कहा कि 40 वर्ष पहले धाकड़ समाज की परंपराओं का अन्य समाज भी अनुसरण करता था, लेकिन नई पीढ़ी भटक रही है। डीजे और शराब जैसे चलन युवाओं के लिए हानिकारक हैं और इन पर रोक आवश्यक है। सांसद रोडमल नागर व राज्यमंत्री मोहन नागर ने भी खर्चीली शादियों, मृत्यु भोज और गैर-पारंपरिक आयोजनों पर रोक लगाकर शिक्षा, रोजगार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। बैठक के दौरान नंदलाल नागर, राधेश्याम रोसिया, गिरवर नागर, देवीसिंह नागर, राजेश भंडारी, घनश्याम नागर, जगदीश नागर सहित समाज के वरिष्ठजन, जिले व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## नरसिंहगढ़ में बढ़ेगा मतदान केंद्रों का आंकड़ा, अब होंगे 312 बूथ

### राजनीतिक दलों की बैठक में बूथ विस्तार पर बनी सहमति



**नरसिंहगढ़**। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम कार्यालय नरसिंहगढ़ में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ने की, जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बूथ विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 या उससे अधिक है, उन्हें दो भागों में विभाजित किया जाएगा ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और चुनाव प्रक्रिया अधिक सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 279 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 33 केंद्र ऐसे पाए गए हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 या उससे अधिक है। इन 33 केंद्रों को दो भागों में विभाजित करने के बाद अब कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 312 हो जाएगी।एसडीएम ने बताया कि बूथों के पुनर्गठन से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ से बचाव होगा। साथ ही, सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा भी जताई गई है ताकि यह प्रक्रिया पारदर्शी और निर्विघ्न रूप से पूर्ण हो सके। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया और चुनाव आयोग के इस कदम को मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से उचित बताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, बृजमोहन गुर्जर, कॉंग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर, कमल भंडारी आदि मौजूद थे।

## पहली बार भादौ के पहले सोमवार को निकाली बाबा पशुपतिनाथ की शाही पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर में पहली बार भादो माह के प्रथम सोमवार को प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर से बाबा पशुपतिनाथ की भव्य शाही पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। ऐतिहासिक महत्व की इस यात्रा में शहरभर के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सुबह मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन संकीर्तन के बाद बाबा पशुपतिनाथ की प्रतिमा को सुसज्जित शाही पालकी में विराजित किया गया। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की मधुर ध्वनियों के बीच यात्रा का शुभारंभ मंदिर से हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा और आरती कर बाबा का स्वागत किया। शाही पालकी यात्रा लक्ष्मीगंज, बापू बाजार, सदर बाजार, नीचला बाजार, हाट रोड, एबी रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों, 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अनेक स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर था जब भादो के प्रथम सोमवार को शाही पालकी यात्रा का आयोजन हुआ।

### भुजरिया मिलन में चमका क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का आपसी सौहार्द

**गुना**। श्री क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का भुजरिया मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे शहर के कई गणमान्य नागरिकों के साथ समाज के महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या ने कार्यक्रम में भाग लिया। अन्य प्रदेशों से आए विशेष मेहमानों ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित जनों के लिए स्वादिष्ट नाश्ता एवं स्वच्छ पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई थी।

## जन अभियान परिषद ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधरोपण



**सारंगपुर** । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदनखेड़ी में सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं, वैसे ही लगाए गए पौधे की देखभाल भी करनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाकर कम से कम पांच वर्ष तक उसका संरक्षण करना चाहिए। वही जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने नवांकुर सखी अभियान की जानकारी दी एवं मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त मूर्तियों के कारण जल स्रोत प्रदूषित होते हैं, इसलिए इस बार परिषद ने मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है, ताकि गांव-गांव में पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जा सकें। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया के नेतृत्व में समिति सदस्यों के साथ स्कूल परिसर में 40 पौधे लगाए गए। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। संचालन राधेश्याम नागर रोशिया ने किया, जबकि आभार प्रस्फुटन समिति के जितेंद्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया।

## शराब के नशे में बीच सड़क पर लेट गया युवक, यातायात प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के तेलघानी चौराहे पर दोपहर को एक युवक बीच सड़क पर आकर लेट गया। जिससे यातायात प्रभावित हुआ। बताया गया कि उक्त युवक शराब के नशे में चूर था और सड़क पर उत्पात मचाते हुए वह तेलघानी चौराहे पर रोटरी के पास बीच सड़क पर जाकर लेट गया। इस दौरान यातायात प्रभावित हुआ और वाहनों को साइड से निकलना पड़ा। हालांकि मामले की भनक जब पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और नशे में धुत युवक को सड़क से हटाकर साइड में ले जाया गया। शहर में अक्सर नशेड़ी इस तरह के उत्पात मचाते रहते हैं।

रविवार को भी बीजी रोड स्थित ओवर ब्रिज के पास एक युवक शराब के नशे में धुत सड़क पर पड़ा हुआ था जिसे देखने के लिए लोगों का बड़ी देर तक हुजूम लगा रहा। पिछले महिने पुलिस द्वारा एक पखवाड़े तक नशा मुक्ति अभियान चलाया गया और लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए इससे दूर रहने का आग्रह किया। लेकिन समाज में नशे की लत तेजी से फैल रही है। इसका कारण नशीले पदार्थों का आसानी उपलब्ध होना भी है। शहर के मुख्य रोड और एबी रोड किनारे शराब दुकानें संचालित हो रही हैं। शाम के समय सड़क किनारे लोग बैठकर शराब पीते नजर आते हैं। कुशमोदा पुलिस चौकी से महावीरपुरा रेलवे ओवरब्रिज तक रात को 11-12 बजे तक जगह-जगह युवक शराब पीते नजर आएंगे।

### खोयरी महादेव के 40 वर्षों से सेवादार रहे चैनसिंह का निधन



**राजगढ़**। क्षेत्री के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर में विगत 40 वर्षों से सेवाएं देते आ रहे सेवादार चैनसिंह भिलाला निवासी वार्ड-1 का सोमवार को निधन हो गया। हंसमुख, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के श्री चैनसिंह के निधन की खबर लगने पर पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। श्री चैनसिंह लगभग 40 सालों से खोयरी महादेव मंदिर में बतौर चैकीदार अपनी सेवाएं देते आ रहे थे। वे न केवल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े हुए थे बल्कि वहां की स्वच्छता सहित अन्य कार्यों में भी उत्साह के साथ भाग लेते थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के कईं गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## प्रजापति ब्रह्मा कुमारीय विवि में रक्षा बंधन पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह तोमर, बालचंद दांगी, ईश्वर सिंह तोमर बटावदा, लखन तोमर ,बापुलाल दांगी एवं ब्रह्मकुमारी जिला संयोजिका बी.के.मधु दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि आज हरेक बहन असुरक्षित है ,मानव संस्कृति का पतन होने के कारण मनुष्य मन में विकृति आ गई है और उसके लिए प्रयास की जरूरत है। चार विकारों को त्यागें एवं एक दिन में एक बार आश्रम आयें-- बी.के. मधु दीदी जिला संयोजिका ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन को सुखमय और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चार मुख्य विकारों को त्यागना है वह है -काम, क्रोध, मद और लोभ।

उन्होंने कहा कि ये चारों ही मनुष्य के मानसिक और आत्मिक पतन के कारण हैं, जो न केवल व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देते हैं, बल्कि समाज में भी अशांति फैलाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वह आत्मचिंतन के माध्यम से इन विकारों से मुक्त होकर सच्चे अर्थों में एक श्रेष्ठ और संतुलित जीवन की ओर अग्रसर हों।यही नहीं आप प्रतिदिन एक बार आश्रम आयें।

रक्षाबंधन के धागे का अपना अलग महत्व इस धागे का रहस्य बड़ा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इस पर्व के पीछे केवल शारीरिक रक्षा का सवाल नहीं है, बल्कि संकल्पों के बंधन का भाव भी समाया होता है। रक्षाबंधन का अर्थ है एक दूसरे की पवित्रता व सम्मान की रक्षा करना जो कि केवल तब होगा जब हम सब आत्मिक संबंध जोड़ेंगे। राखी बांधना अर्थात आपस में एक पवित्र प्रेम के बंधन में बंधना। जो हम सबके आत्मिक पिता परमात्मा की बताई हुई शिक्षाओं पर चलकर ही संभव है।

## खबर संक्षेप

### श्री राम बजरंग मंडल के अध्यक्ष बने सुनील



**आष्टा।** श्री राम बजरंग मंडल आष्टा की आगामी श्री गणेश उत्सव मनाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता शेषनारायण मुकाती की उपस्थिति में हुई। जिसमें सर्व समिति से वर्ष 2025 के अध्यक्ष के लिए सुनील मेवाड़ा को मनोनित किया गया। इस अवसर पर शिवनारायण मेवाड़ा पटेल, दीपक राठौर, तेजसिंह पाटीदार, दिलीप मेवाडा, रमेश खत्री, मृदुल रावत, गोपाल मेवाड़ा, कैलाश कुशवाहा, आशीष खत्री, गाबू कोठारी, संजय वर्मा,अरुण खत्री,चिंटू तरुण राठौर,श्रवण पाटीदार, मनीष सिंधे, नंदकिशोर बागवान,देवेंद्र सेन,विकाश खत्री,महेंद्र सेन,गोपाल कुशवाहा,सुमित खत्री,कुलदीप मेवाड़ा,शुभम खत्री, सौरव खत्री, गौरव खत्री,राज खत्री,अंकित खत्री, प्रकाश परमार, डंपी खत्री, केतन खत्री, दिव्यांश खत्री आदि ने बधाई दी।

### नपा के नेतृत्व में निकलेगी तिरंगा रैली

**आष्टा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश सहित संपूर्ण प्रदेश में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश भर में तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में नगरपालिका के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे सीएम राइज स्कूल से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी है। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों, स्कूली विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि राष्ट्रप्रेम को प्रदर्शित एवं समर्पित रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर तिरंगा रैली को सफल बनाएं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा रैली प्रातः 9 बजे शासकीय सीएम राइज स्कूल से प्रारंभ होगी।

पुरानी परंपरा को निभाने के लिए 40 साल से ग्राम चरनाल में गेड़ी प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन

# गेड़ी प्रतियोगिताः ठोकर पद्धति में 25 टीम और धक्का पद्धति में 49 टीम के 148 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

सन 1984 से ग्राम चरनाल में ग्रामीणों द्वारा गेडी प्रतियोगिता की परमपरा निभाई जा रही है। इस बार भी रक्षा बंधन के दूसरे दिन 41 व आयोजन हुआ। गेडी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

सीहोर जिले के ग्राम चरनाल में गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 40 साल से यहां आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूरदराज से इस प्रतियोगिता में लोग हिस्सा लेकर अपना हुनर आजमाते है। विजेता को आयोजन समिति पुरुस्कृत भी करती है। सन 1984 से यह आयोजन किया जा रहा है इस साल का 41 व आयोजन हुआ।

समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि भुजरिया के एक दिन बाद ग्राम चरनाल में लोग एकजुटता कर प्रतिवर्ष गेड़ी लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन करते है। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग जिले के हुनरबाज अपनी किस्मत अजमाते है। 74 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के तहत ठोकर पद्धति में 25 टीमों ने भाग लिया तो वही धक्का पद्धति में 49 टीम ने हिस्सा लिया। 148 खिलाड़ियों ने अपना हुनर मैदान में उतकर दिखाया। इस रोमांच को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण चरनाल गाँव पहुचे।

### 50 गांव के 150 खिलाड़ी हुए शामिल

चरनाल गांव में सोमवार को सुबह दो पद्धति (ठोकर मारकर और धक्का देकर) होने वाली गेड़ी प्रतियोगिता में 50 गांवों के कुल 150 खिलाड़ी शामिल हुए। जिन्होंने अपने-अपने दांव पेंच से विरोधी खिलाड़ियों को मात दी किसी ने ठोकर - मारकर तो किसी ने धक्का दिया। जो तय समय तक टिका रहे वह विजेता बने। दरअसल, हर साल रक्षा बंधन के पर्व पर गेड़ी प्रतियोगिता होती आ रही है। इस का साल इसका 41 वर्ष था। आयोजन न समिति ने बताया कि इस बार 50 गांवों के खिलाड़ी शामिल हुए। रक्षाबंधन के दो दिन बाद यह गेड़ी प्रतियोगिता कराई जाती है। जो दो पद्धति से खेली जाती है जिसमें ठोकर और धक्का पद्धति हैं सोमबार को सुबह 11 बजे से गेड़ी प्रतियोगिता शुरू हो गई थी। चरनाल गेड़ी लड़ाई प्रतियोगिता में ठोकर पद्धति में 25 टीमों ने भाग लिया। इसी तरह धक्का पद्धति की बात करें तो इसमें 49 टीमें शामिल हुई।





गेड़ी लड़ाई के दौरान एक दूसरे को गिराने का प्रयास करते रहे खिलाड़ी



दो लकड़ी के लंबे डंडे लेते हैं। इनके ऊपर गेड़ी की जोड़ी बनाई जाती है जिसके ऊपर चढ़कर आमने-सामने दो लोगों में मुकाबला होता है। उसमें जो गिर जाता है वह हार जाता है। इस तरह यह खेल खेला जाता है। इसमें ठोकर पद्धति में प्रतिद्वंदी को ठोकर मारकर गिराना होता है। इसी तरह धक्का पद्धति में धक्का देकर गिराया जाता है। खास बात यह है कि इसके लिए समय निर्धारित नहीं होता है लेकिन सामान्यतः 10 से 15 मिनट में तक ही खिलाड़ी मैदान में डटे रह पाते हैं। इस अवधि में नतीजा सामने आ जाता है।

### अलग-अलग पद्धति में इन्हें मिले पुरस्कार

गेडी प्रतियोगिता के दौरान हुई दो तरह की प्रतियोगिता में ठोकर पद्धति में प्रथम अशोक सिंह वाशिंग मशीन, द्वितीय हरिओम साहू होम थिएटर, तृतीय दिनेश गौर मिक्सर ग्राइंडर सभी चरनाल निवासी। धक्का पद्धति में प्रथम पुरस्कार जगदीश पाटेर वाशिंग मशीन, द्वितीय जगदीश होम थिएटर, तृतीय देवी सिंह मिक्सर ग्राउंड तीनों पाटेर निवासी रहे। कार्यकम में पधारे अतिथियों का समिति की ओर से स्वागत किया गया।

# स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के. के नेतृत्व व सीईओ जिला पंचायत डॉ नेहा जैन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 08 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान व स्वच्छता सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन दैनिक कलैण्डर अनुसार प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन विधानसभा क्षेत्र आष्टा की 144 ग्राम पंचायतों तथा 282 ग्रामों में किया जा रहा है,जिसमें तिरंगा यात्रा, स्वच्छता संवाद,स्वच्छता शपथ,हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता ,संस्थागत स्वच्छता के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी श्रृंखला में जनपद-आष्टा की ग्राम पंचायत-मेहतवाड़ा मैना, भंवरा, पगारिया राम, आनंदीपुरा एवं पटातिया गोयल आदि अन्य ग्राम पंचायतों में तिरंगा-स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ ,स्वच्छता श्रमदान, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की सफाई आदि गतिविधियाँ ग्रामीणों के सहयोग से संपादित की जा रही हैं। 12 जून को 65 ग्रामों में तिरंगा-स्वच्छता रैली का आयोजन, 55 ग्रामों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम ,90 ग्रामों में संस्थागत एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई हेतु स्वच्छता श्रमदान ,25 पेयजल स्त्रोतों पर सफाई कराई गई।

गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर निरंतर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जा रहा है,इस अभियान में जनपद पंचायत-आष्टा की ग्राम पंचायतों से लगभग 10000 से ज़्यादा ग्रामीणों द्वारा सक्रीय सहभागिता की जा चुकी है। कैलेंडर अनुसार आगामी दिवसों में पेयजल स्त्रोतों पर स्वच्छता कार्य, ध्वजारोहण स्थलों पर सफाई कार्य, अमृत सरोवरों पर स्वच्छता श्रमदान, संस्थागत शौचालयों की सफाई, परिसंपत्तियों के आस पास सफाई एवं संधारण कार्य, स्वच्छता चैम्पियंस, हर घर तिरंगा, चयनित स्थलों पर ध्वजारोहण, स्वयं सेवकों एवं सफाई मित्रों का सम्मान आदि प्रमुखतः शामिल हैं।

# साइकिल मिलने से खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत सोमवार को शासकीय हाई स्कूल पगारिया हॉट में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने हाथों से विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की साइकिल प्राप्त होने से बच्चों के चेहरे खिल उठे।

वही विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव से शिक्षा से वंचित न रहे। निशुल्क साइकिल वितरण योजना से विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे समय की बचत होगी। तथा उनकी उपस्थिति में सुधार आएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत पगारिया हाट मैं हाई स्कूल को हाई सेकेंडरी करने व ग्राम में सपेरा मोहल्ले से शाहपुरा नाले तक ग्रेवल रोड पगारिया से इलाही रोड को डामरीकरण से जोड़ने की घोषणा की। वही ग्राम में देव बाबा का ओटला व नाग महाराज के मड के लिए राशि स्वीकृत की आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत ग्राम के सरपंच शबाना बी अकरम खान व पंचो द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद सदस्य मानसिंह इलाही, भाजपा महामंत्री महेंद्र सिंह धाम बापचा, खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, सिद्धिगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, सरपंच शबाना बी, अकरम खान प्राचार्य संतोष पेरवार सभी शिक्षक पंचगन वह ग्राम वासी उपस्थित थे।

### शहर के चर्च मैदान पर आरंभ हुई राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता



**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के फुटबाल खिलाड़ियों के लिए आदर्श मैदान है चर्च मैदान, इस मैदान ने अनेक खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिया है। उक्त विचार शहर के चर्च मैदान पर मंगलवार से राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहे। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय सहित जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मंगलवार से आरंभ हुई राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की 16 टीमें शामिल है। मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पूज्य पिता श्री स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आरंभ हुई प्रतियोगिता अनेक महिला खिलाड़ी शामिल है। जिन्होंने अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। पहले ही दिन सीहोर की महिला टीम ने ग्वालियर को 10-0 से हराया।

# किसानों के खातों में आई फसल बीमा राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राजस्थान के झुंझनु से मध्यप्रदेश के 14 लाख 28 हजार 67 किसानों के 54 लाख 23 हजार 287 बीमा खातों में लगभग 1383 करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि हस्तांतरित की गई है। हमारे आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों के खातों में भी डीबीटी के माध्यम से किसानों के बीमा खातों में राशि डाली गई। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि यह देश के अन्नदाता किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता ही है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष तक की फसल बीमा राशि पात्र किसानों को दे दी गई है। राजस्थान के झुंझुनू से किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से डाली गई राशि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आष्टा जनपद में देखा गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, धारासिंह पटेल, जीवनसिंह मंडलोई, सोनू गुणवान, रायसिंह मेवाडा, गजराजसिंह पटेल, सतीश सोनानिया, ज्ञानसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच, जनपद सदस्य किसान बंधु आदि बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे।

जावर में धूमधाम से निकली भगवान महाकाल की शाही सवारी

# भोले का किया श्रृंगार, कलाकारों ने दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शहर में महाकाल सेवा समिति ने नागरिकों के सहयोग से भादौ माह के पहले सोमवार को श्री महाकालेश्वर भगवान की शाही सवारी निकाली। इस शाही सवारी में कलाकारों और अखाड़ों की प्रस्तुति देख हर कोई अचंभित हो गया। हजारों लोग इसे देखने के साक्षी बने। गाजे-बाजे के साथ निकली शाही सवारी की शुरुआत शाम 6 बजे श्रीराम मंदिर से हुई। इसमें भगवान भोलेनाथ का आकर्षक किया गया श्रृंगार ने हर किसी का मन मोहित कर दिया। बालिकाओं ने एक से बढकर एक बेहतरीन प्रस्तुति दी तो शाही सवारी में चल रहे नंदी ने सभी को आनंदित कर दिया। लोक नृत्य के कलाकारों ने अलग समां बांध दिया। सबसे बड़ी खासियत यह है कि भगवान महाकाल भक्तों को पांच स्वरूप में दर्शन देते हुए नजर आए। इस दृश्य को हर कोई अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने से नहीं चूका। भगवान की शाही सवारी का चल समारोह प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां रात में समापन हुआ। समापन पर जमकर आतिशबाजी करने के साथ ही अन्य कार्यक्रम हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि भगवान भोलेनाथ ने शाही सवारी से भ्रमण कर नगर का हाल जाना और उनको दर्शन दिए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। वही प्रशासनिक अधिकारियों की भी इस शाही सवारी पर पूरी नजर बनी हुई थीं।

# गुसांई हमारे प्रेरक रहेंगेः परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जूना पीठाधीश्वर, सनातन परम्परा के ज्येष्ठ आचार्य महामंडलेश्वर तथा अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रभुप्रेमी संघ के संस्थापक स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज की हम आष्टा तथा मालवांचल वासियों पर असीम अनुकम्पा है। हम सभी के लिए उनका वात्सल्य भाव सदैव ही देखने को मिलता है। स्वामी ने उनके परम भक्त तथा नगर के प्रमुख समाजसेवी स्व. प्रेमनारायण गोस्वामी के देवलोक गमन पर श्रद्धाजंलि पत्रक भेज कर शौकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

हम सभी स्वामी के प्रति आस्था और आभार व्यक्त करते हैं। दिवंगत गोस्वामी गुरुदेव के अत्यंत ही करीबी शिष्य और स्थानीय प्रभुप्रेमी संघ के संरक्षक थे। पूज्य स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज के दिशा निर्देश के अनुरूप हम सभी प्रभुप्रेमी जन स्व. प्रेमनारायण गोस्वामी की सक्रियता और गुरुनिष्ठा को आदर्श मान कर धार्मिक और सामाजिक क्रियाकलापों में उनका अनुसरण करते रहेंगे। यह उद्गार प्रभुप्रेमी संघ के संयोजक तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने प्रखर समाजसेवी स्व. प्रेमनारायण गोस्वामी के देहावसान उपरांत स्थानीय मानस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे व्यक्त किये। प्रभुप्रेमी संघ के संरक्षक गण मोहन सिंह अजनोदिया, ओंकारसिंह ठाकुर, जीवन सिंह शोभाखेड़ी, महासचिव प्रदीप प्रगति, मां पार्वती गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, सेवा निवृत्त टी आई गोपाल सिंह ठाकुर, समाजसेवी नन्नूलाल कासन्या, डॉ मनोहर सेवदा, मनोज सोनी काका, प्रकाश कुशवाह, कमलसिंह टीपाखेड़ी आदि प्रभुप्रेमीजन ने स्व प्रेमनारायण गोस्वामी के पुत्रगण अरविंद गोस्वामी एवं आनन्द गोस्वामी को स्वामी जी द्वारा प्रेषित श्रद्धांजलि पत्रक सौंपा। पत्रक का वाचन वरिष्ठ अभिभाषक रूपसिंह ठाकुर ने किया। सभा मे नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं प्रभु प्रेमीजन ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।